न्यायालय प्रथम अपील अधिकारी एंव जिला कलेक्टर,टोंक

प्रकरण संख्या 01/2026

श्री तसलीम अहमद जिला उपाध्यक्ष ह्युमन राइटस टोंक निवासी उनियारा जिला टोंक
——अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एंव निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एस.डी.एम.) उनियारा
——प्रत्यर्थी

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय **दिनांक 19.02.2026**

प्रकरण का संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत अपील पेश की है। अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी एंव निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एस.डी.एम.) उनियारा को आवेदन पत्र दिनांक 06.09.2024 को प्रेषित/प्रस्तुत कर निम्न वर्णित सूचना चाही गईः—

1 कस्बा उनियारा में आजादी के बाद से अब तक कितनी बार नगर पालिका के चुनाव सम्पन्न हुए है वह कोन कोन से सन मे हुऐ है तथा इनमे निर्वाचित हुऐ पार्षदों की वार्ड वार विजेता व उप विजेता की परिणाम सहिंत सूची उपलब्ध करवाये प्रमाणित प्रति।

2 इस दोरान वर्ष 1944 से 2024 तक अब तक निर्वाचित हुऐ अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की सूची मय परिणाम सहित के उपलब्ध करावे।

3 वर्ष 2001 से 2024 तक विगत हुऐ 5 नगर पालिका चुनाव के पार्षद परिणामों की वार्ड वाईज सूचीया पत्र उपलब्ध करावे।

अपीलार्थी को निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध नहीं होने पर प्रत्यर्थी के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। अपील दर्ज रजिस्टर कर अपील प्रा0पत्र की छायाप्रति लोक सूचना अधिकारी एंव निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एस.डी.एम.) उनियारा को पत्र कमांक 01 दिनांक 02.01.2026, 80 दिनांक 15.01.2026, 150 दिनांक 28.01.2026 व 280 दिनांक 12.02.2026 को प्रेषित कर रिपोर्ट तलब की गई। अपीलार्थी को सुनवाई हेतु तलब किया गया। अपीलान्ट उपस्थित नही हुए। लोक सूचना अधिकारी एंव निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एस.डी.एम.) उनियारा ने पत्र कमांक 409 दिनांक 13.02.2026 से जवाब प्रेषित किया है प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना पत्र कमांक 4149 दिनांक 11.11.2024 से उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः अपील में कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपील अस्वीकार योग्य है।

फलतः अपील अपीलाण्ट अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति लोक सूचना अधिकारी एंव निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एस.डी.एम.) उनियारा तथा अपीलार्थी को प्रेषित की जावे।

न्यायालय जिला कलेक्टर टोंक (राजस्थान)

(कल्पना अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी
एंव जिला कलेक्टर टोंक
जिला कलेक्टर टोंक